हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 4 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 राज्य निर्माण के बाद छग ने शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग अधोसंरचना के क्षेत्र में की अभूतपूर्व प्रगतिः वित्त मंत्री






## खबर संक्षेप

### आज जिला स्तरीय राज्योत्सव का समापन



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में 2 से 4 नवंबर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव.2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। राज्योत्सव का समापन कार्यक्रम 4 नवंबर को शाम 6 बजे से लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समापन दिवस पर ओपी जिंदल स्कूल तराईमाल के विद्यार्थी छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य से कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। इसके बाद अश्वि शर्मा एवं कृष्णिका की कथक नृत्य प्रस्तुति, कार्मेल कॉन्वेंट इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों का छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, सेजेस कोतरा के विद्यार्थियों का नारी सशक्तिकरण नृत्य तथा साधुराम विद्या मंदिर के बच्चों का बिहू नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। समापन में राकेश शर्माए निशा शर्मा व ग्रुप द्वारा गजल और गीतों की मनभावन प्रस्तुति से राज्योत्सव का रंगारंग समापन होगा।

### लाखों की चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** जेएसपीएल कंपनी के डंपिंग यार्ड से लोहे का वेस्ट मटेरियल चोरी मामले में कोतररोड़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर एक संगठित चोरी गिरोह का पर्दाफाश किया है। आरोपियों से दो ट्रेलर वाहन, तीन मोबाइल और करीब 68 टन लोहे का वेस्ट मटेरियल कुल कीमत 1 करोड़ 20 लाख 36 हजार 600 रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। घटना को लेकर जिंदल स्टील लिमिटेड पतरापाली महाप्रबंधक जनसंपर्क ने 1 नवंबर को थाना कोतररोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम कलमी स्थित कंपनी के डंप यार्ड में एक्रिशन (लोहे का वेस्ट मटेरियल) जमा है। 26 अक्टूबर को यार्ड की जांच के दौरान सब कुछ सुरक्षित था, लेकिन 1 नवंबर को जब पुनः यार्ड पहुंचे तो काफी मात्रा में वेस्ट मटेरियल गायब मिला। ऐसे में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। पुलिस को सूचना मिली कि एनएच 49 किनारे रायगढ़ शहर में दो ट्रेलर खड़े हैं, जिनमें लोहे का स्क्रैप लोड है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो दोनों ट्रेलरों में से एक में तीन व्यक्ति बातचीत करते नजर आए जो पुलिस को देखकर भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम कुशलराम यादव 36 वर्ष निवासी सिंगधौरा थाना जैतहरी जिला अनुपपुर एमपी, शंभू यादव 29 वर्ष निवासी रतनपुर जिला बिलासपुर तथा लक्की कंवर 20 वर्ष निवासी कलमी थाना कोतरारोड़ बताया।

# शौक पूरा करने लगाया कॉफी का पेड़ अब होगी व्यावसायिक खेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बात**
- लंबी प्रक्रिया के बाद होता है तैयार, आने वाले समय में बढ़ेगी पेड़ों की संख्या

कॉफ उत्पादन के लिए रायगढ़ किसी परिस्थिति में अनुकूल नहीं है, इसके बाद भी शहर से लगे साल्हेओना के किसान अरुण कुमार सा ने पेड़ लगाया है। अभी तो केवल चार-पांच पेड़ ही है, लेकिन आने वाले समय में इसकी संख्या बढ़ाने की बात कह रहे हैं। इसका उपयोग अभी कमर्शियल नहीं बल्कि बतौर शौक किया जा रहा है, लेकिन अब इसकी खेती कमर्शियल की जाएगी। किसान अरुण ने बताया कि इस पेड़ को तैयार होने में कम से कम दस साल लगते हैं। साथ ही जब फल लगता है उपयोग करने से पहले काफी प्रोसेस करना पड़ता है। इसके बाद पीने का उपयोग किया जा सकता है। अभी इसका उपयोग घर के लोग करते हैं और दूर-दराज के परिजनों को भी इसे भेजी जाती है। प्रोसेस घर में ही करते हैं। कम पेड़ होने की वजह से घर के लोग ही हाथ में कर लेते हैं, लेकिन संख्या बढ़ेगी तो मशीनरी का उपयोग करने की बात कही जा रही है।

रायगढ़ का तापमान काफी गरम है और कॉफी का पेड़ ठंडा जगह में ही होती है। हालांकि किसान अरुण सा के जिस खेत में यह पेड़ लगा है वहां सूर्य का प्रकाश काफी कम पहुंचता है। कारण वहां सैकड़ों की तादाद में पेड़ लगे हैं। इसके कारण यहां गर्मी के बजाए काफी ठंडक महसूस होती है। इस वजह से इस खेत में कॉफी का पेड़ आसानी से हो गया है। अभी कॉफी पेड़ के नीचे कई दर्जनों छोटे-छोटे नर्सरी तैयार हो गया है। उसे खेत में रोपने की तैयारी है।

**कमर्शियल तो नहीं, लेकिन स्वयं और सगे संबंधियों को देते हैं बतौर उपहार**



### अभी लगा है फल

अभी कॉफी के पेड़ में फल लगा है। कच्चा है अभी और इसे पकने में एक महीने का समय लगेगा। पूरी तरह से लाल होने के बाद उसकी तोड़ाई की जाती है। इसके बाद उसे सूखाते हैं और बीज निकालने के बाद उसे आग में भूना जाता है। तब जाकर उसका उपयोग किया जा सकता है।

### अनानास की खेती भी

जिस खेत में कॉफी का पेड़ लगा है वहां भारी मात्रा में अनानास की खेती होती है। यह पूरी तरह से कमर्शियल है और सीजन में लाखों का मुनाफा इससे किसान कमाते हैं। इसे क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि के रुप में देखी जा रही है।

## सबसे बड़ा सवाल, आदिवासी ब्लॉक से एजुकेशन में कैसे कर दिया अटैचमेंट

# शिक्षा विभाग का दावा फेल, युक्तियुक्तकरण के बाद भी कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी

**हम नहीं, बल्कि खुद डीईओ स्वीकार कर रहे शिक्षकों की है कमी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




युक्तियुक्तकरण के बाद जिले में कहीं भी शिक्षकों की कमी नहीं होने का ढिंढोरा शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा पीटा गया था। अब खुद विभाग के अधिकारी ही कह रहे हैं, शिक्षकों की कमी है। याने शिक्षा विभाग के अधिकारी अपने ही वादे पर खरे नहीं उतर रहे हैं। इसकी बानगी विभाग के ही आदेश से देखी जा सकती है।

बीते 28 अक्टूबर को एक आदेश डीईओ द्वारा जारी की गई है। इसमें स्पष्ट रुप से लिखा है मिडिल स्कूल जूटमिल में शिक्षक की कमी होने की वजह से मिडिल स्कूल सिंघनपुर के शिक्षक को अटैच किया जाता है। खास बात यह है कि शासन की ओर से युक्तियुक्तकरण के बाद अटैचमेंट पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके बाद भी रायगढ़ डीईओ ऑफिस में यह खेल खुलेआम चल रहा है। दूसरी ओर जो आदेश जारी किया गया है उसमें भी कई तरह की विसंगतियां हैं।

स्कूलों को मर्ज करने के बाद बीते जून में जिले के करीब एक हजार शिक्षकों को अतिशेष के नाम पर युक्तियुक्तकरण किया गया था। इसके बाद डीईओ ऑफिस से दर्जनों बार जिले के किसी भी स्कूल में शिक्षकों की कमी नहीं होने का सरकारी बयान जारी किया गया था। अब वही डीईओ शिक्षक की कमी होने का हवाला देकर अटैचमेंट कर रहे हैं। दरअसल बीते 28 अक्टूबर को डीईओ ने एक आदेश जारी किया है। इसमें मिडिल स्कूल जूटमिल में शिक्षक की कमी होने के कारण बच्चों का अध्यापन व्यवस्था प्रभावित होने का हवाला दिया गया है। बच्चों का अध्यापन व्यवस्था प्रभावित न हो इसके लिए खरसिया ब्लॉक के मिडिल स्कूल सिंघनपुर के गणित शिक्षक को मिडिल स्कूल जूटमिल में अटैच किया गया है। अब सवाल उठ रहा है कि युक्तियुक्तकरण के बाद किसी स्कूल में शिक्षकों की कमी नहीं है तो अटैचमेंट करने का कोई तूक नजर नहीं आ रहा है। जो भी हो शिक्षा विभाग के अधिकारी अपने ही बयान पर कायम नहीं हैं।

बड़ी बात यह है कि आदिवासी ब्लॉक से सामान्य ब्लॉक में अटैच करने का प्रावधान नहीं होने की बात कही जा रही है। इसके बाद भी आदिवासी ब्लॉक के शिक्षक को सामान्य ब्लॉक में अटैच कर शासन के आदेश को ही ठेंगा दिखाया गया है।

**नहीं किया है अटैच**

इस मामले में डीईओ से उनके सेल नंबर पर बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने रिसिव नहीं किया। वाट्सएप पर मैसेज करने पर जवाब दिया गया, नहीं। याने किसी को अटैच नहीं करने की बात मैसेज द्वारा कही गई। इसके बाद डीईओ को उनके द्वारा जारी आदेश की कॉपी भेजी गई, लेकिन कोई जवाब नहीं आया।

### संबलपुरी में सालों से भौतिक के शिक्षक नहीं

जूटमिल मिडिल स्कूल में शिक्षक की कमी है तो दूसरे स्कूल के शिक्षक को अटैच कर दिया गया, लेकिन संबलपुरी स्कूल में सालों से भौतिक के शिक्षक नहीं है, लेकिन वहां कोई व्यवस्था डीईओ नहीं कर रहे हैं। खास बात यह है कि संबलपुरी स्कूल के प्राचार्य द्वारा इसके लिए कई बार आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक व्यवस्था नहीं हो पाई है। याने स्कूलों में भी विभाग के अधिकारी भेदभाव करते हैं।

### आदेश स्वयं डीईओ ने किया तैयार

डीईओ की ओर से जारी की गई आदेश में कई तरह की विसंगतियां हैं। सबसे पहले तो किसी बाबू का इनिशियल ही नहीं है। ऐसे में या तो आदेश स्वयं डीईओ द्वारा तैयार किया गया है या फिर जो भी बाबू तैयार किया है वह धोखे में रखा है। दूसरी ओर विषम परिस्थितियों में यदि इस तरह की नौबत आती है तो कलेक्टर का अनुमोदन लेना पड़ता है और विभाग की ओर से जारी आदेश में बाकायदा कलेक्टर द्वारा अनुमोदित लिखी जाती है, लेकिन ऐसा कुछ लिखा ही नहीं है।



# पुलिसकर्मी के पिता को ट्रेलर ने मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

**■ साइकिल में आ रहे थे पीछे से मार टी टक्कर**

कटंगपाली की तरफ से सरिया के रास्ते आगे जा रहा ट्रेलर ने साइकिल सवार को पीछे से ठोकर मार दी। जिससे साइकिल सवार का घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक कुछ दूर ट्रेलर ले जाकर खड़ा कर फरार हो गया। घटना की सूचना पुलिस को होने पर 112 की मदद से शव को घटना स्थल से उठाकर पीएम के लिए भेजा। घटनाकारित ट्रेलर को पुलिस अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

सरिया निवासी पुनीलाल धागढ़ 55 पंचधार की ओर से सरिया आ रहा था। इसी दौरान सरिया नदीगांव पंचधार तिराहे पर एक ट्रेलर ने ऐसी ठोकर मारी की मृतक का सिर बुरी तरह कुचल गया। पहचान में नहीं आ रहा था। बाद में परिवार वालों ने इसकी पहचान की और पुनीलाल धागढ़ के रूप में पहचाना गया। बताया जाता है कि मृतक के दो पुत्र पुलिस विभाग में है तथा एक पुत्र शिक्षा विभाग में पदस्थ है। घटना सोमवार शाम करीब साढ़े 4 बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद पुलिस ने शव को घटना स्थल से उठाकर पीएम के लिए भेज दिया तथा आगे की कार्यवाही पुलिस द्वारा की जा रही है। लोगों का कहना है कि उक्त स्थल पर आए दिन घटना हो रहे हैं।

# दहेज में बाइक की मांग कर नवविवाहिता को करते थे प्रताड़ित, पति के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायगढ़।** जोबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक नवविवाहिता को उसके ससुराल वाले दहेज में बाइक की मांग कर प्रताड़ित करते थे। जब वह गर्भवती हुई तो परिवार वालों ने उसे दवा खिलाकर जबरन गर्भपात करा दिया। ससुराल वालों की लगातार प्रताड़ना से तंग आकर महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। नवविवाहिता खरसिया ब्लॉक के ग्राम बर्रा की रहने वाली है। उसने जोबी चौकी में दर्ज शिकायत में बताया कि उसकी शादी नवापारा टेंडा के प्रेम कुमार राठिया से 12 मार्च 2023 को सामाजिक रीति-रिवाज से हुई थी।

शादी के बाद ससुराल में दादी सास कमला बाई और चाची सुरेखा राठिया भी रहती थी। शादी के समय उसके माता-पिता ने अपनी इच्छा से सोने-चांदी के जेवर समेत अन्य लाखों का सामान उपहार में दिए थे। शादी के शुरुआती कुछ दिन सब ठीक रहा, लेकिन बाद में पति प्रेम कुमार, उसकी दादी सास और चाची दहेज में मोटरसाइकिल न लाने पर उसे ताने देने और झगड़ा करने लगे। वहीं इसी बात को लेकर उसका पति उसके साथ मारपीट करता था। सरोज ने रिपोर्ट में बताया कि वह सब कुछ सहती रही। इसी बीच जब वह गर्भवती हुई तो दिसंबर 2023 में उसके पति, दादी और चाची ने मिलकर जबरन दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया। दवा खिलाने के बाद महिला की तबीयत बिगड़ गई, लेकिन उसके पति ने न तो इलाज कराया और न ही डॉक्टर के पास ले गया। तब महिला ने अपने मायके वालों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद उसके पिता ससुराल पहुंचे और बेटी को अपने साथ ले जाकर उसका इलाज कराया। जब सरोज की तबीयत में सुधार हुआ तो उसने अपने पति प्रेम कुमार को फोन करके कहा कि वह उसे लेने आ जाए। इस पर पति प्रेम कुमार ने साफ कहा कि जब तक उसे मोटरसाइकिल नहीं मिलता तब तक वह न तो उसे लेने जाएगा और न ही अपनाएगा। काफी समय बीत जाने के बाद भी पति उसे लेने नहीं आया तो नवविवाहिता ने जोबी चौकी में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच की और आरोप सही पाए जाने पर पति प्रेम कुमार, दादी सास कमला बाई और चाची सास सुरेखा राठिया के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# तेज रफ्तार हाइवा ने 4 गाय व 4 बकरी को कुचला, सभी की मौत

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक तेज रफ्तार हाइवा के ड्राइवर ने 4 गाय और 4 बकरी को कुचल दिया। इस हादसे में सभी मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हाईवा के ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सोहनपुर गांव के रहने वाले 60 साल के महेश्वर यादव खेती-किसानी का काम करता है। उसने अपने घर में गाय और बकरियां पाल रखी हैं। रविवार सुबह हर दिन की तरह वह अपने मवेशियों गाय, बैल और बकरियों को चराने के लिए गोड़ा की ओर ले गया था। शाम करीब 5 बजे जब वह उन्हें चराकर वापस घर लौट रहा था तभी सोहनपुर मेन रोड के पास लैलूंगा से घरघोड़ा की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार हाईवा ने मवेशियों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में 4 गाय और 4 बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी। वहीं हादसे के बाद ट्रक का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर के खिलाफ धारा 325 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# छठ पर्व पर सोशल मीडिया में अमर्यादित टिप्पणी, आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



छठ पर्व पर सोशल मीडिया में अमर्यादित टिप्पणी करने वाले आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने गैर जमानतीय धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। भोजपुरी समाज द्वारा एसपी ऑफिस का घेराव करने पर पुलिस ने एक्शन लिया है, जिसके बाद मामला शांत नजर आ रहा है।

छठ पर्व पर सोशल मीडिया में की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर सोमवार को रायगढ़ में भारी जनाक्रोश देखने को मिला। फेसबुक पर अपमानजनक टिप्पणी वायरल होते ही धार्मिक भावनाएं गहराई से आहत हुईं और शहर के विभिन्न समाजों तथा संगठनों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। दोपहर बाद भोजपुरी समाज, ब्राह्मण समाज, छठ पूजा समितियां, सांस्कृतिक संगठन और विभिन्न वार्डों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में एसपी ऑफिस पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि आरोपी टिल्लू शर्मा पूर्व में भी विवादित टिप्पणियां करता रहा है और यह कोई पहली बार नहीं है कि उसने समाज की धार्मिक भावनाओं पर प्रहार किया हो। जनदबाव के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 और 299 के तहत एफआईआर दर्ज की है। कोतवाली पुलिस के अनुसार आरोपी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है। वहीं एसपी ने कहा कि धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी परिस्थिति में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## 6 साल से जर्जर सड़क की किसी ने नहीं ली सुध, धरना प्रदर्शन, चक्काजाम के बाद भी नहीं सुधरे हालात

# खरसिया-छाल मुख्य मार्ग की हालत बदतर, बेगुनाहों के लहू से लाल हो रही सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया-छाल मुख्य मार्ग की हालत बद से बदतर हो गई है। इस मार्ग से गुजरना मलतब जान हथेली में लेकर चलना है। यही कारण है कि यह सड़क आए दिन बेगुनाहों के लहू से लाल हो रही है। बीते 6 साल में शासन-प्रशासन, नेता, जनप्रतिनिधि किसी ने इस सड़क की सुध नहीं ली है। स्थानीय विधायक कांग्रेस पार्टी के होने की वजह से बेबस नजर आ रहे हैं। लोगों द्वारा दर्जनों बार धरना प्रदर्शन, चक्काजाम करने के बाद भी हालात नहीं सुधरे हैं।

दरअसल खरसिया क्षेत्र के चोढ़ा चौक से ऐडु चौक होते हुए छाल के घरघोड़ा चौक तक का मुख्य मार्ग अपनी बदहाल स्थिति के कारण दुर्घटनाओं का स्थायी अड्डा बन गया है। यह सड़क इतनी जर्जर हो चुकी है कि आए दिन यहां हादसों में बेगुनाहों की जान जा रही है और हर दिन लोग घायल हो रहे हैं। इसका प्रमुख कारण जर्जर सड़क और उसमें दौड़ते भारी वाहनों को माना जा रहा है। ऐडु चौक से घरघोड़ा चौक तक 6 किमी की सड़क 6 साल में नहीं बन पाई है। इस सड़क को लेकर अब तक उनकी प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। लोकसभा सांसद राधेश्याम छाल से कुछ किमी की दूरी पर ही रहते हैं, लेकिन उनकी चुप्पी भी समझ से परे है। स्थानीय विधायक लालजीत सिंह राठिया जर्जर सड़क को लेकर चिंता जाहिर तो करते हैं, लेकिन वो कांग्रेस विधायक होने के कारण उनकी कोई सुनता नहीं है। इधर इन सबका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। जर्जर सड़क को लेकर कई बार लोगों ने सड़क पर उतर कर आन्दोलन किया, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। हर बार लोगों को आश्वासन का झुनझुना ही थमाया गया है, जिससे अब उनका आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है।





### ओवरलोड वाहनों ने सड़क की कर दी दुर्गति

इस सड़क की सबसे बड़ी समस्या कोयला खदान है, जो खेदापाली क्षेत्र में स्थित है। खदान से रोजाना भारी-भरकम कोयला लदे ट्रेलर और डंपर वाहन इसी मार्ग से गुजरते हैं। इनमें से अधिकांश वाहन ओवरलोड रहते हैं, जिसकी वजह से सड़क की परतें पूरी तरह उखड़ चुकी हैं। जगह-जगह गड्ढे, टूटी साइडें और धूल का गुब्बार इस सड़क को बेहद खतरनाक बना चुके हैं। भारी वाहनों की वजह से ही सड़क की दुर्गति हो गई है।

### जान जोखिम में डाल कर आवागमन करते हैं स्कूली बच्चे

स्थानीय नागरिकों से लेकर स्कूली बच्चों तक इस मार्ग पर सफर करने से डरते हैं। यह सड़क क्षेत्र की मुख्य लाइफलाइन मानी जाती है, जिससे होकर प्रतिदिन सवारी बसें, निजी कारें और स्कूल बसें गुजरती हैं। खास बात यह है कि स्कूल बसों में छोटे-छोटे बच्चे यात्रा करते हैं और सड़क की खतरनाक स्थिति के कारण किसी भी समय किसी बड़ी अनहोनी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। कई बार बाइक सवारों को कोयला लोड ट्रेलरों से बचने के लिए सड़क किनारे कूदना पड़ता है।

पूर्व में ऐडु के पास सड़क को चार फीट उंची करके बनवाया गया था और सड़क का चौड़ीकरण भी किया गया था। अभी सड़क फिर से जर्जर हो गया है, जल्द ही इसका काम शुरू कराया जाएगा।
**लालजीत सिंह राठिया**
विधायक, धरमजयगढ़

सड़क निर्माण का काम जारी है, बारिश की वजह से सितंबर तक काम बंद कर दिया था। अभी खरसिया तरफ फिर से काम शुरू हुआ है, भविष्य में यह मार्ग फिर से संवर जाएगा।
**डोल नारायण पटेल**
बीजेपी मंडल अध्यक्ष, छाल

खरसिया के चोढ़ा चौक से पत्थलगांव तक 91 किमी सड़क बनना है। इसका टेंडर काफी साल पहले हुआ था। वर्तमान में ठेकेदार द्वारा धरमजयगढ़ क्षेत्र में सड़क निर्माण का काम किया जा रहा है, क्योंकि वहां सड़क की हालत काफी ज्यादा दयनीय है। इसके बाद खरसिया से छाल क्षेत्र में काम किया जाएगा। सड़क निर्माण में लेटलतीफी बहुत हो रही है।
**उमेश पटेल,** एसडीओ, पीडब्ल्यूडी, खरसिया

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और प्राप्त सभी आवेदनों का गंभीरता से अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय पर इन आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन के दौरान आज कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, आवास आबंटन, जमीन कब्जा, मुआवजा मांग, नक्शा दुरुस्तीकरण, सीमांकन, और विभिन्न आवेदन शामिल थे।

### जनहानि के एक मामले में 4 लाख स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत की है। सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम पण्डरापाठ निवासी स्व.ननका राम का ढोढ़ी के पानी में डूबने से 26 सितंबर 2023 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पुत्र गुड्डू राम एवं पुत्री बिफनी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### मुख्य वन संरक्षक ने किया क्षेत्रीय भ्रमण

**जशपुरनगर।** मुख्य वन संरक्षक वेंकटाचलम ने जशपुर जिले के तपकरा, कुनकुरी और पत्थलगांव वन परिक्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारियों और कर्मचारियों से मानव-हाथी द्वंद की वर्तमान स्थिति, उससे जुड़ी चुनौतियों तथा रोकथाम के उपायों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य वन संरक्षक ने वन्य जीवों और स्थानीय समुदाय की सुरक्षा दोनों को समान महत्व देने की बात कही। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि त्वरित सूचना प्रणाली और गश्ती दलों की निगरानी को और मजबूत किया जाए ताकि किसी भी संभावित संघर्ष की स्थिति को समय रहते रोका जा सके। भ्रमण के दौरान उन्होंने क्षेत्रीय फील्ड स्टाफ से उनके कार्यों की जानकारी ली और मानव-हाथी द्वंद से निपटने किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। मुख्य वन संरक्षक ने कहा कि विभागीय टीमों को स्थानीय ग्रामवासियों के साथ समन्वय बढ़ाने और वन्य जीव प्रबंधन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में सतत प्रयास करते रहना चाहिए। इस दौरान वन मंडलाधिकारी जशपुर शशि कुमार, उप वनमंडलाधिकारी कुनकुरी आशीष आर्या एवं परिक्षेत्र अधिकारियों के साथ उपस्थित थे।

### सप्लायर को आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने किया गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** उड़नदस्ता टीम द्वारा नशे के सौदागरों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच 1 नवम्बर को उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से मिला कि पीजी कॉलेज ग्राउंड में सुरेश वर्मा उर्फ मलगा तथा रवि ठाकुर स्कूटी से नशीला इंजेक्शन सप्लाई के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता उड़नदस्ता टीम के साथ पीजी कॉलेज ग्राउंड में घेराबंदी कर स्कूटी के पास खड़े दो संदिग्ध को पकड़ा। टीम ने सुरेश वर्मा तथा रवि ठाकुर पूछताछ करने के पश्चात स्कूटी की तलाशी ली तो स्कूटी के डिक्की से एक थैले से 50 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। उड़नदस्ता टीम ने आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत गिरफ्तार किया। वहीं आज मुखबिर की सूचना पर मणिपुर थाना अंतर्गत बहेरापारा ट्रांसपोर्ट नगर निवासी नरेंद्र तिर्की के कब्जे से 22 लीटर महुआ शराब तथा 200 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया। तीनों आरोपियों को आज न्यायालय पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक तेजराम केहरी, मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे अशोक सोनी नगर सैनिक गणेश पांडे, ओम प्रकाश गुप्ता एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं अंजू एक्का सक्रिय रही।

## खेती बाड़ी संबंधी कंटेंट को लेकर युवाओं को कर रहा प्रेरित

# गांव का युवक यू-ट्यूब से कमा रहा 25 हजार महीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पत्थलगांव विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पंडरीपानी के पतराटोली निवासी युवक मुकेश चौहान यू-ट्यूब में खेती बाड़ी संबंधी कॉटेंट को लेकर युवाओं को प्रेरित कर हर महीने 25 से 30 हजार रूपए कमा रहा है।

मीडिया से बातचीत में मुकेश ने बताया कि उन्होंने कक्षा दसवीं तक ही पढ़ाई की है। पढ़ाई के बाद घर पर अपने परिवार के साथ खेती बाड़ी का काम करते थे। जहां उनको और उनके परिवार को आजीविका के लिए बड़ी समस्या होती थी। कई बार तो लोगों से उधार लेकर खेती बाड़ी के जरूरत का सामान लेना पड़ रहा था। एक साल पहले एक दिन उसने अपने मोबाइल से वीडियो बना कर पैसे कमाने का कंटेंट देखा और उसी दिन से अपने मोबाइल में वीडियो बना कर एडिटिंग करना शुरू किया। आज उनकी लगन और मेहनत से अच्छी खासी आमदनी हो रही है। उन्होंने बताया कि उनको खेती बाड़ी का अच्छा नॉलेज होने के कारण उन्होंने यह कॉटेंट चुना और खेती-किसानी से जुड़े वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर अच्छी कमाई कर रहा है। ये वीडियो न केवल उनकी प्रतिभा को दिखाता है, बल्कि दूसरों को भी खेती के नए तरीके और तकनीक के बारे में जानकारी मिल जाती है।



मुकेश चौहान घर में लोगों को अपने विडीयो की जानकारी देते हुए।

### किसानों को बताते हैं कृषि से जुड़े फायदे

श्री चौहान ने बताया कि अपनी खेती-किसानी की कला और ज्ञान को किसानों के सामने पेश करने का अवसर मिल रहा है। उनके यू-ट्यूब चैनल में 11500 से अधिक फॉलोवर्स हो चुके हैं। वे फेसबुक और इंस्टाग्राम में भी वीडियो अपलोड करते हैं। वीडियो के माध्यम से जिले के किसानों के घर जाकर नए कृषि तरीकों और तकनीकों के बारे में भी जानकारी देकर दूसरों की मदद कर रहे हैं।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था में योगदान

श्री चौहान ने बताया कि अपनी कमाई से वे अपने परिवार और समुदाय की आर्थिक स्थिति में सुधार कर रहे हैं। बीते 3 महीनों से जब भी वीडियो अपलोड किया हर बार अच्छी पैसे अपने अकाउंट पर आ रहे हैं। वीडियो में खेती-किसानी के व्यवहारिक पहलुओं बीज चयन, सिंचाई पद्धति, फसल प्रबंधन, औषधि एवं पशु पालन के बारे में बताते हैं। वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड कर अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच बन रही है किसानों से जान पहचान भी बढ़ गई है। कृषि क्षेत्र के जानकर होने से डिजिटल माध्यम से किसानों को परामर्श दे रहे हैं। इस तरह गांव का यह युवक न केवल अपनी आजीविका कमा रहा है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि के प्रति जागरूकता और नवाचार को भी बढ़ावा दे रहा है। जनपद सदस्य रमेश कुमार यादव एवं हुरदानंद यादव ने युवक के घर पहुंच कर उनके कार्य से प्रेरित होकर इसी प्रकार आगे बढ़ने का निरंतर प्रयासरत रहने को कहा।

# मारपीट से घायल ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

नर्सरी के जंगल से जलाने के लिए लकड़ी काटकर लाने की बात को लेकर की गई मारपीट से इंदबल मांझी की इलाज के दौरान मौत हो गई। चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामला थाना पत्थलगांव क्षेत्रांतर्गत ग्राम जोराडोल सुगापारा का है।

■ चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पुलिस सूत्रों के अनुसार विगत 30 अक्टूबर को थाना पत्थलगांव पुलिस को शासकीय मेडिकल कालेज अंबिकापुर से सूचना मिली थी कि ग्राम जोराडोल निवासी मृतक इंदबल मांझी को इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर लाया गया था। उसके शरीर में लगे चोट के कारण इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस पर थाना पत्थलगांव में मर्ग दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान जब पुलिस द्वारा मृतक इंदबल मांझी की पत्नी सुनोबाई का बयान लिया गया, तब उसने बताया कि 18 अक्टूबर को उसके गांव जोराडोल के ही हदन उर्फ हिरदन साय, डोमन राम मांझी व अशोक मांझी द्वारा ग्राम जोराडोल की नर्सरी के जंगल से लकड़ी काटकर कर जलाऊ के रूप में उपयोग करने की बात को लेकर उसके पति मृतक इंदबल मांझी के साथ हाथ, मुक्का, लात से मारपीट की गई थी। इसके दूसरे दिन 19 अक्टूबर को गांव के ही नईहर साय मांझी द्वारा भी उसी बात को लेकर मृतक इंदबल मांझी के साथ लाठी से मारपीट की गई थी। इससे उसके पति मृतक इंदबल मांझी को खून की उल्टी हो रही थी, जिसे ईलाज हेतु मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर ले जाया गया था। जहां इलाज के दौरान 20 अक्टूबर को उसके पति इंदबल मांझी की मौत हो गई थी। जिस पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी हदन उर्फ हिरदन साय उम्र 36 वर्ष, डोमन साय मांझी उम्र 33 वर्ष, अशोक मांझी उम्र 35 वर्ष, नईहर साय उम्र 45 वर्ष सभी निवासी ग्राम जोराडोल, सुगापारा थाना पत्थलगांव, जिला जशपुर के विरुद्ध थाना पत्थलगांव में हत्या के लिए बी एन एस की धारा 103(1) व 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें हिरासत में लिया गया व उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाठी को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार करने व पर्याप्त अपराध सबूत पाए जाने पर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। मामले की कार्यवाही व आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक विनीत कुमार पांडेय, आरक्षक कमलेश्वर वर्मा, राजेंद्र रात्रे, तुलसी रात्रे, आशीषन टोप्पो व पदुम वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।




### आरोपियों को भेजा गया न्यायिक रिमांड पर

थाना पत्थलगांव क्षेत्र में मारपीट के कारण आई चोट से इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज भेजा है।

-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर

## राज्योत्सव के स्टॉल पर दी जा रही विधिक सहायता की जानकारी

**रायगढ़।** जितेन्द्र कुमार जैन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के पावन अवसर पर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ द्वारा शहीद विप्लव त्रिपाठी मिनी स्टेडियम रायगढ़ में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में विधिक सहायता एवं जागरूकता स्टाल क्रमांक 16 का शुभारंभ किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के द्वारा उक्त स्टॉल के माध्यम से नालसा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा सालसा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।



इस स्टाल के माध्यम से आम जनता को निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता, पीड़ति क्षतिपूर्ति योजना आदि योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। स्टाल में ब्रोशर, पोस्टर एवं परामर्श सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम का शुभारंभ 02 नवंबर को किया गया तथा यह स्टाल 04 नवंबर तक प्रतिदिन संचालित रहेगा। उक्त स्टॉल का संचालन श्रीमती अंकिता मुदलियार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा किया जा रहा है, जिसमें सहयोगी के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त लीगल एड डिफेंस कौंसिल, कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वॉलिंटियर उपस्थित रहते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ सभी नागरिकों से स्टाल में आकर विधिक अधिकारों एवं सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करने का आग्रह करता है।

## जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी, बना आकर्षण का केन्द्र

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह में जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

राज्योत्सव समारोह के दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विभाग द्वारा जानकारीपूर्ण और आकर्षक स्वरूप में लगाए गए प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी राज्य शासन की जनकल्याणकारी नीतियों, योजनाओं और उपलब्धियों को जन जन तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम है। राज्योत्सव की इस रजत जयंती प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की गौरवशाली विकास यात्रा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा सुशासन, पारदर्शिता और सर्वांगीण विकास की दिशा में किए जा रहे कार्यों की झलक को आकर्षक, सरल और प्रेरणादायक शैली में प्रदर्शित किया गया है। इस दौरान जनसंपर्क विभाग द्वारा जनमन पत्रिका, सुशासन तिहार 2025 विशेषांक और विभिन्न ब्रोशर का निःशुल्क वितरण भी किया गया। इन प्रकाशनों के माध्यम से शासन की प्राथमिकताओं, जन कल्याणकारी योजनाओं और सफलता की कहानियों को प्रभावी ढंग से नागरिकों तक पहुँचाया गया। राज्योत्सव स्थल पर बड़ी संख्या में नागरिकों, छात्र छात्राओं, ग्रामीणों एवं गणमान्यजनों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसे ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और सराहनीय पहल बताया। लोगों ने कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल शासन की योजनाओं की झलक दिखाती है, बल्कि सरकार और जनता के बीच संवाद, विश्वास और सहभागिता को सशक्त करने वाला प्रेरक माध्यम भी है। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग के अधिकारी.कर्मचारी मौजूद रहे।



## सोलर फेंसिंग बनी शोपीस, वन्य जीवों से नहीं मिल रही राहत

**राउरकेला।** वन क्षेत्र से सटे गांवों को जंगली जानवरों के हमलों से बचाने के लिए लगाए गए सोलर फेंसिंग अब बेअसर साबित हो रहे हैं। करंट न होने के कारण हाथी, भालू और जंगली बराह आसानी से खेतों में घुसकर फसलों को रौंद रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। हेमगिर रेंज के कोड़बहाल इलाके में ग्रामीणों प्रेमानंद ध्रुव, संसार ध्रुव, रघु बाग, कृष्णचंद्र देहुरी और सुभाष ध्रुव ने बताया कि करीब 40 लाख रुपये की लागत से लगाई गई सोलर फेंसिंग अब निष्क्रिय हो चुकी है। जून महीने में खंभे और घेरा तो तैयार कर दिए गएए लेकिन बाद में सिस्टम को चार्ज नहीं किया गया। परिणामस्वरूप सुरक्षा घेरा बेकार झूल रहा है और हाथी व बराह धान व सब्जी की फसलें बर्बाद कर रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, ब्राह्मणमारा से केंदूडीह तक 15 लाख रुपयेए तिलेइमाटी में 15 लाख, तेलीजोर में 10 लाखए करपड़ा में दो लाख, कारापाड़ा में 6.75 लाख सहित कई जगहों पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन परिणाम नगण्य हैं। एसीएफ राजकुमार सेठी ने बताया कि झाड़ियों के बढ़ जाने से चार्जिंग बाधित हो गई थी। तीन समूहों को सफाई का कार्य सौंपा गया है, और सफाई पूरी होने के बाद फेंसिंग को पुनः चार्ज कर दिया गया है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि सक्रिय फेंसिंग से अब फसलों को कुछ राहत मिलेगी।



## भारत स्काउट एंड गाइड का द्वितीय सोपान जांच शिविर

**तमनार।** भारत स्काउट एंड गाइड स्थानीय संघ तमनार द्वारा विकास खंड स्तरीय द्वितीय सोपान कैंप का आयोजन 28 से 31 अक्टूबर तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमनार के प्रांगण में किया गया। इसमें 253 स्काउट और गाइड ने भाग लिया। जिसमें 134 गाइड्स एवं 99 स्काउट शामिल थे । ब्लॉक के 22 स्कूलों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने चार दिन यहां रहकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।

चार दिवसीय द्वितीय सोपान स्काउट गाइड कैंप में तमनार वासियों का भरपूर सहयोग मिला। जिसमें विभिन्न समाजों द्वारा अपने-अपने भवन को देकर सहयोग किया गया। जिसमें स्काउट एवं गाइड के बच्चे चार दिन रुककर द्वितीय सोपान पूर्ण किए। कार्यक्रम में तमनार के आसपास विभिन्न कंपनियों का भी सहयोग मिला जिसमें जिंदल पावर लिमिटेड, अदानी एहिंडालको एवं शारडा कंपनियों का विशेष सहयोग रहा। 28 अक्टूबर को स्काउट गाइड कैंप का उद्घाटन फ्लैग सेरिमनी से हुआ। इस सेरेमनी में ग्राम गोटिया अश्विनी पटनायक एवं ग्राम सरपंच गुलाबी सिदार एभारत स्काउट एंड गाइड स्थानीय संघ तमनार के अध्यक्ष शिवपाल भगत उपस्थित रहे सभी ने स्काउट गाइड कैंप के बच्चों को अपने उद्बोधन से प्रेरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शिविर के दूसरे दिन बच्चों ने स्वच्छता रैली निकाली और पूरे तमनार ग्राम में घूम कर स्वच्छता पर नारे लगाते हुए लोगों को साफ सफाई रखने एवं बीमारी से दूर रहने हेतु जागरूकता फैलाई। सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद करने के लिए लोगों से आग्रह किया।



**तृतीय दिवस सायं 6 बजे महा शिविर ज्वाल:** ग्रैंड कैंप फायर मेंद्धकार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद राधेश्याम राठिया, विशिष्ट अतिथि नरेश कुमार पंडा, अश्विनी पटनायक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनायक पटनायक, जनपद उपाध्यक्ष गायत्री बेहरा की उपस्थिति में शिविर ज्वाल से शुभारंभ हुआ। अतिथियों का स्कार्फ एवं बेबी प्लांट भेंट करके स्वागत किया गया। तत्पश्चात पुष्पा पटनायक जी के द्वारा शिविर प्रतिवेदन पढ़ा गया। कार्यक्रम में स्काउट गाइड के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य एमीनार का प्रदर्शन किया गया।

## शहर में दो दिवसीय 23वां राज्य सम्मेलन का आयोजन

**राउरकेला।** भारतीय सांस्कृतिक सहयोग एवं मैत्री संघ इसकफ के 23वें ओडिशा राज्य सम्मेलन का दूसरा दिन उदितनगर स्थित आईटीडी, हॉल में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर गोकुल नंद पंडा और डॉ. किशोरी दास की अध्यक्षता में आयोजित प्रतिनिधि सत्र में राज्य के विभिन्न जिलों से आए 36 प्रतिनिधियों ने महासचिव की रिपोर्ट पर चर्चा की और अपने विचार रखे। प्रतिनिधियों ने कहा कि आज की वैश्विक राजनीतिक परिस्थितियों में विश्व शांति और विश्व बंधुत्व गंभीर खतरे में हैं। उन्होंने भारत में कॉर्पोरेट संस्थाओं की बढ़ती दखलंदाजी और धर्म के नाम पर फैल रही सांप्रदायिकता की निंदा की।

वक्ताओं ने विविधता में एकता, भाईचारे और शांतिपूर्ण सह.अस्तित्व को आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। भारतीय संस्कृति संरक्षण और आज की चुनौती विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। इस कार्यक्रम मेँ भारतीय संस्कृति के विविध आयामों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर राज्य परिषद और विभिन्न प्रतिष्ठित व्यक्तियों से युक्त एक नए राज्य नेतृत्व का चुनाव अगले तीन वर्षों के लिए किया गया। अगली राज्य परिषद बैठक 7 दिसंबर को कटक बाराबती स्टेडियम में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वहीं 28 दिसंबर को इसकफ जिला समितियों द्वारा राज्यभर में साम्राज्यवादी दंड विश्व शांति के लिए खतरा है। विषय पर चर्चा चक्र आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के समापन पर स्वागत समिति के सचिव ने सहित सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ओपी जिंदल विश्वविद्यालय को उद्योग सहयोग और छात्र केंद्रित पहलों के लिए मिला एजुकेशन इम्पैक्ट अवार्ड

**तमनार।** उद्योग सहयोग और छात्र केंद्रित पहलों के लिए ओपी जिंदल विश्वविद्यालय ओपीजेयू को एजुकेशन इम्पैक्ट अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान विश्वविद्यालय को उसके मज़बूत इंडस्ट्री कनेक्ट और स्टूडेंट सेंट्रिक इनिशिएटिव्स के लिए प्रदान किया गया। फेडरेशन फॉर वर्ल्ड एकेडमिक्स द्वारा 31 अक्टूबर को आयोजित इंडस्ट्री एकेडेमिया कॉन्क्लेव 2025 के दौरान यह सम्मान प्रदान किया गया, जिसका आयोजन के सहयोग से ले मेरिडियन नई दिल्ली में हुआ।


इस आयोजन में देशभर से उद्योग और शिक्षा जगत के कई प्रमुख शिक्षाविद एवं एजुकेशन लीडर्स उपस्थित थे, जिनमें अनेक चांसलर्स वाइस चांसलर्स, तथा डायरेक्टर्स शामिल थे। इस अवसर पर ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार ने विश्वविद्यालय की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। पुरस्कार प्राप्त करने के उपरांत डॉ. पाटीदार ने अपने वक्तव्य में कहाए श्यह सम्मान न केवल हमारे विश्वविद्यालय की टीम के निरंतर और समर्पित प्रयासों का परिणाम है, बल्कि इस तथ्य का भी प्रमाण है कि शिक्षा और उद्योग के बीच मजबूत एवं व्यावहारिक संबंध छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। यह पुरस्कार विश्वविद्यालय द्वारा उद्योगों के साथ किए गए नवाचारपूर्ण सहयोग, स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रमों, इंटर्नशिप अवसरों और प्रायोगिक शिक्षा की पहलों की उत्कृष्टता को मान्यता देने के लिए प्रदान किया गया।उन्होंने आगे कहा कि ओपी जिंदल विश्वविद्यालय सतत ऐसे शैक्षणिक प्रयास कर रहा है जो छात्रों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करेंए बल्कि उन्हें उद्योग के अनुकूल कौशल और व्यावहारिक अनुभव से भी सशक्त बनाएं। सम्मान समारोह के दौरान डॉ. पाटीदार ने इंडस्ट्री और एकेडेमिया के बीच सेतु निर्माण विषय पर आयोजित एक विशेष सत्र में वक्ता और पैनल सदस्य के रूप में भी भाग लिया। उन्होंने इस सत्र में श्रेष्ठ संस्थागत प्रथाओं और उद्योग शिक्षा सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर अपने विचार साझा किए। डॉ. पाटीदार ने कहा किएश्आज का समय ऐसा है जब विश्वविद्यालयों को उद्योग से गहरे जुड़ाव की आवश्यकता है। छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान नहींए बल्कि वास्तविक औद्योगिक अनुभव भी देना हमारी ज़िम्मेदारी है। ओपीजेयू ने हमेशा इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाई है कृ चाहे बात हो इंडस्ट्री इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम कीए रिसर्च इनोवेशन लैब्स कीए या फिर स्किल डेवलपमेंट इनिशिएटिव्स की।




## सात करोड़ प्रति किमी की सड़क नौ महीने में बदहाल

**सुंदरगढ़।** जिला खनिज कोष डीएमएफ के तहत बनी सुंदरगढ़ शंकरा बाइपास से सरकारी कॉलेज चौक तक की 42.24 करोड़ रुपए की कंक्रीट सड़क महज़ नौ महीने में ही टूटने और उखड़ने लगी है। फरवरी 2025 में नगर पालिका को सौंपे गए इस 5.5 किलोमीटर लंबे मार्ग की हालत आज इतनी खराब हो चुकी है कि जगह-जगह गड्ढे और उखड़ी सतहें नजर आने लगी हैं।

इस परियोजना में प्रति किलोमीटर सात करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। काम की गुणवत्ता पर अब गंभीर सवाल उठ रहे हैं। इस सड़क का निर्माण एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड को सौंपा गया थाए जिसने इसे रांची की एक्टिमा इंफ्रास्ट्रक्चर को 14.75 प्रतिशत कम दर पर सबलेट किया था। अनुबंध 4 सितम्बर 2019 को हुआ थाए और मार्च 2021 में काम पूरा होना था, लेकिन चार साल की देरी के बाद इसे फरवरी 2025 में हस्तांतरित किया गया। परियोजना में सड़क के साथ ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट और विद्युत खंभे लगाने का कार्य भी शामिल था, परंतु कई हिस्सों में नालियां अधूरी हैंए डिवाइडर पर खंभे नहीं लगाए गए और जहां लगाए गए हैं वहां स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर पानी निकासी की व्यवस्था न होने से बारिश के दौरान जगह.जगह जलभराव होता है जिससे कंक्रीट पर दरारें आने लगी हैं। पूर्व जिलापाल निखिल पवन कल्याण के कार्यकाल में 42 करोड़ की मंजूरी के बाद भी परियोजना रिपोर्ट के अनुसार काम नहीं हुआ। निर्माण के बाद पांच साल तक रखरखाव की जिम्मेदारी ठेकेदार कंपनी की थी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस संबंध में डीएमएफ अधिकारी ने कहा कि श्हमारा कार्य केवल अनुदान स्वीकृत करना था। निर्माण और गुणवत्ता की जिम्मेदारी कार्यान्वयन एजेंसी की है। स्थानीय नागरिकों ने सड़क निर्माण में अनियमितता की जांच की मांग की है।



# जावेद अख्तर को मिलेगा शिक्षा अनुसंधान साहित्य सम्मान

**मुंबई।** पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर को भारतीय सिनेमा और साहित्य में योगदान के लिए साल 2025 का शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान मिलने वाला है। 29 नवंबर को यह सम्मान उन्हें दिया जाएगा। 29 नवंबर को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान जावेद अख्तर को दो दिवसीय साहित्य महोत्सव के उद्घाटन पर दिया जाएगा। इस पुरस्कार में 7 लाख रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र, देवी सरस्वती की एक रजत प्रतिमा और एक शॉल भी बॉलीवुड के नामी गीतकार को प्रदान की जाएगी। दो दिवसीय शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य महोत्सव की निदेशक गायत्रीबाला पांडा ने सम्मान से जुड़ी जानकारी साझा की।

लाइफ Style

# किआरा

## ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती आएंगी नजर


एजेंसी ▶▶ मुंबई

किआरा आडवाणी को मां बने 3.5 महीने हो चुके हैं। अपने मदरहुड को एंजॉय करते हुए एक्ट्रेस ने अपनी एक बड़ी फिल्म साइन की है, जिसकी डील पक्की हो चुके हैं। इस फिल्म में किआरा एक बड़ा रोल प्ले करने वाली हैं, जो उनके फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज होगा।

पिछले साल सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने 'कमाल और मीना' नाम की बायोपिक का ऐलान किया था। तभी से फैंस के बीच ये चर्चा थी कि आखिर इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल कौन निभाएगा। लंबे समय तक इस रोल के लिए कई नाम सुर्खियों में आए। खासकर कृति सेनन और किआरा आडवाणी को लेकर लोगों के बीच कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन तब किसी भी एक्ट्रेस का नाम सामने नहीं आया था। हर कोई ये जानना चाहता था कि इस जमाने की मीना कुमारी का रोल कौन प्ले कर सकती है। अब आखिरकार इस सवाल का जवाब मिल गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, किआरा आडवाणी को इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल निभाने के लिए फाइनल कर लिया गया है। यानी किआरा अब पर्दे पर ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। रिपोर्ट में बताया गया कि किआरा में निर्देशक को वो खूबी दिखी है, जो मीना कुमारी के किरदार को जिंदा कर सकती है। उनके अंदर वो इमोशन्स की गहराई और विंटेज चार्म है, जो इस किरदार को खास बनाएगा. फैंस भी इस खबर से काफी खुश हैं। फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने बताया, 'महीनों से इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी। अब जाकर सब कुछ तय हो गया है।



हॉलीवुड मसाला



# 350 ऑडिशन के बाद मिली थी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश ब्रोलिन अपने दमदार अभिनय के लिए लोकप्रिय हैं। उन्होंने 'एवेंजर्स: एंडगेम', 'नो कंट्री फॉर ओल्ड मेन' और 'ड्यून: पार्ट टू' जैसी फिल्मों में काम किया है। जोश का कहना है कि स्टारडम के शिखर तक पहुंचने का उनका सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। ऑस्कर-नॉमिनेटेड एक्टर का कहना है कि डेब्यू फिल्म झोली में आने से पहले उन्होंने 350 ऑडिशन दिए थे। जोश ब्रोलिन ने साल 1985 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'द गूनीज' से डेब्यू किया था। इससे पहले उन्हें करीब 350 ऑडिशन से गुजरना पड़ा। दिलचस्प बात यह है कि जोश के पिता जेम्स ब्रोलिन इंडस्ट्री के नामी अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं।



# वेक्ना और इलेवन के बीच होगी आखिरी लड़ाई

**लॉस एंजिल्स।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस सीरीज का फैंस को लंबे समय से इंतजार था। इस बार सीरीज में एक्शन, ड्रामा और डर का ट्रिपल डोज मिलने वाला है। ट्रेलर के साथ ही सीरीज की रिलीज डेट भी शेयर की गई है। ट्रेलर की शुरुआत पिछले सीजन की घटनाओं के बाद हॉकिन्स के क्वारंटाइन होने के बाद से होती है। साथ ही इलेवन भी खुद को बचाने की कोशिश कर रही है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सभी लोग खूंखार वेक्ना के खिलाफ एकजुट हो जाते हैं। लेकिन, वेक्ना इस बार दोगुनी ताकत के साथ सामने है। ट्रेलर में आगे नैन्सी, जॉयस, माइक, डस्टिन और लुकास के किरदार नजर आते हैं। सीरीज के ट्रेलर में काफी एक्शन सीन्स हैं। सीरीज में नैन्सी का किरदार कहता है, 'वह (वेक्ना) हमारी दुनिया को खत्म करने की प्लानिंग में है।



# डीसी के टीजर में दिखा जुनूनी आशिक


**मुंबई।** रजनीकांत की फिल्म 'कुली' के निर्देशक लोकेश कनगराज अब एक्टर बन चुके हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'डीसी'का टाइटल टीजर रिलीज हो चुका है। इसमें वामिका गब्बी उनके साथ नजर आ रही हैं। डायरेक्टर के तौर पर लोकेश कनगराज ने साउथ सिनेमा में कई हिट फिल्में बनाई हैं। कैथी, विक्रम और कुली जैसी फिल्मों में उन्होंने कार्थी, कमल हासन और रजनीकांत जैसे एक्टर के साथ काम किया। अब लोकेश एक्टिंग की दुनिया में एंट्री ले चुके हैं। अपकमिंग फिल्म डीसी का टाइटल टीजर सामने आया। इसमें लोकेश का अलग ही अंदाज दिखा। फिल्म डीसी के टाइटल टीजर में लोकेश की एंट्री दमदार तरीके से होती है, उनका किरदार खून से लथपथ नजर आता है। लोकेश ने एक्सप्रेशन भी इंटेंस दिए हैं। आगे टीजर में वामिका गब्बी दिखाई देती हैं।



# जटाधरा का नया गाना शिव स्त्रोतम रिलीज

**मुंबई।** एक्टर सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की मचअवेटेड फिल्म जटाधरा का नया गाना 'शिव स्त्रोतम' मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'शिव स्त्रोतम' में सुधीर बाबू का लुक काफी जबरदस्त है। उन्हें देखकर लगता है कि स्वयं भगवान अवतरित हो गए हों। फिल्म के गाने 'शिव स्त्रोतम' जबरदस्त के ग्राफिक्स को बहुत ही बेहतरीन तरह से पेश किया है। मेकर्स ने इस गाने को रिलीज करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, 'वह समय है। वह सत्य है। वह तूफान भी है और शांति भी यही है। शिवस्तोत्रम 'जटाधरा' से.' 'शिव स्त्रोतम' को आधुनिक बीट्स से मिलाकर नए अंदाज में पेश किया गया है, जिससे आज के युवा को कुछ नया देखने को मिले. 'शिव स्त्रोतम' सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। फैंस को गाना काफी पसंद आ रहा है।

टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ्स 3 में इन सात जोड़ियों ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर जबरदस्त हिट रहा कॉमेडी-कुकिंग रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स' अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी मजेदार किचन कुकिंग और मस्ती भरे सेलिब्रिटी मोमेंट्स के लिए मशहूर इस शो की मेजबानी हमेशा की तरह भारती सिंह करेंगी और जज शेफ हरपाल सिंह सोखी हैं। इसका नया प्रोमो आ चुका है और इसमें कंटेस्टेंट्स के साथ रिलीज डेट भी कंफर्म हो गई है। फैंस को हंसाने और और गुदगुदाने वाले दो सफल सीजन के बाद, 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' को लेकर उत्साह पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। अपने दूसरे बच्चे के साथ प्रेग्नेंट होने के बावजूद भारती अपनी खास एनर्जी लेकर वापस आ गई हैं। शो का प्रोमो आते ही दिख गया कि इसमें कौन से कंटेस्टेंट्स होंगे। सबसे पहले तो कृष्णा अभिषेक और अली गोनी हवा में लटके हुए दिखते हैं। फिर एल्विश और करण की एंट्री होती है। समर्थ और अभिषेक भी इस सीजन में लौट चुके हैं। फिर जन्नत जुबैर आती हैं। इसके बाद विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी की डांस करते हुए एंट्री होती है। वहीं, तीन लड़कियां तेजस्वी, ईशा सिंह और ईशा मालवीय आती हैं। अंत में देबिना की भी झलक दिखाई देती है। फिर कश्मीरा शाह हरपाल सिंह के साथ बाइक पर बैठकर आती हैं। यह शो 'पति पत्नी और पंगा' की जगह लेगा और 22 नवंबर, 2025 को प्रीमियर होगा, जो हर वीकेंड रात 9 से 9:30 बजे कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा। इसके एपिसोड जियो हॉटस्टार पर भी स्ट्रीम किए जाएंगे। तमिल हिट 'कुकू विद कोमाली' से प्रेरित यह शो खाना पकाने की चुनौतियों के साथ ह्यूमर के लिए जाना जाता है।

## पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में दिखे जिमी और सिद्धार्थ

**नई दिल्ली।** जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ की अदाकारी वाली सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। 2 नवंबर को सेखों भारतीय वायुसेना मैराथन उद्घाटन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी किया है। वीडियो जारी करते हुए पोस्ट में लिखा 'इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा हवाई ऑपरेशन। सबसे बड़ा सम्मान। नेटफ्लिक्स पर जल्द आ रही है ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज।' 'ऑपरेशन सफेद सागर' के पहले लुक में दिखाया गया है कि जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ के साथ कई दूसरे एक्टर्स पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हैं।



# किंग का टाइटल रिवील

## शाहरुख का फर्स्ट लुक है खतरनाक


**मुंबई।** शाहरुख खान के जन्मदिन पर फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। दरअसल, उनके बर्थडे पर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने उनकी मच अवेटेड फिल्म 'किंग'का टाइटल रिवील वीडियो जारी किया। इस टीजर वीडियो में एसआरके का लुक दिखाया गया है और रिलीज डेट के बारे में भी हिंट दिया है। बता दें सिद्धार्थ आनंद और शाहरुख खान पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर में साथ काम कर चुके हैं। रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'किंग' साल 2026 में रिलीज़ होगी। यह फिल्म दर्शकों को शाहरुख खान का ऐसा रूप दिखाने वाली है जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। एक बार फिर रोमांस के बादशाह फुल एक्शन मोड में दिखेंगे, जैसा कि मेकर्स ने किंग टाइटल रिवील में साबित कर दिया है। यह फिल्म एक स्टाइलिश और जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर है, जो स्टाइल, करिश्मा और थ्रिल को नए तरीके से पेश करेगी। सिद्धार्थ आनंद की यह अब तक की सबसे बड़ी और मसालेदार फिल्म मानी जा रही है, जो उनके एक्शन स्टोरीटेलिंग को एक नए




लेवल पर ले जाएगी। किंग का टाइटल रिवील शाहरुख खान के बर्थडे पर रिलीज किया गया, जहां हम देखते हैं उस इंसान को जिसे सब किंग खान कहते हैं, अब वो उसी नाम के रोल में दिख रहे हैं और वो भी दमदार और जोश से भरे हुए अंदाज़ में।

# बॉलीवुड के 'बैड बॉयज' का रियूनियन एक साथ आए सभी खूंखार खलनायक

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में खलनायकों का भी एक दौर था, जिनकी झलक से भी दर्शकों की सांसें थम जाती थीं। इन्ही में रंजीत, रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी शामिल थे। भले ही ये अब सिल्वर स्क्रीन पर कम नजर आते हैं, लेकिन एक समय था, जब सिल्वर स्क्रीन पर इनका खूब बोल-बाला था। फिल्मों में इन खलनायकों का हीरो से भी ज्यादा दबदबा था। इसी बीच दर्शकों को पुराने दौर के विलेन की याद दिलाने के लिए अभिनेता रजा मुराद ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर पोस्ट की, उसमें रजा मुराद के साथ किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी नजर आ रहे है। अभिनेता ने पोस्ट कर मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, 'भारत के चार सबसे शरीफ, सीधे-सादे मासूम भोले-भाले महापुरुष।'



### पर्दे पर था विलेन्स का दबदबा

बता दें कि हिंदी सिनेमा में एक खलनायकी का दौर था, जब कुछ चुनिंदा चेहरे विलेन का दमदार रोल निभाते थे। इन्हीं में से थे रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर। इन्होंने खलनायक बनकर काफी नाम कमाया। जहां रंजीत खतरनाक विलेन के तौर पर जाने जाते थे, तो रजा मुराद की दमदार आवाज ही दर्शकों को चुप करा देती थी। ऐसे ही किरण कुमार की उपस्थिति ही काफी होती थी और गुलशन ग्रोवर एक 'बैड मैन' थे, जिन्होंने विलेन के किरदार इतनी शिद्दत से निभाए कि अपनी खलनायक की छवि को नहीं तोड़ पाए। उनकी 'बैडमैन'इमेज अपने आप में एक ब्रांड भी बन गई। हालांकि, चारों को एक साथ किसी भी फिल्म में साथ में नहीं देखा गया है, लेकिन रजा, गुलशन और रंजीत साल 1997 की एक्शन फिल्म 'शपथ'में साथ नजर आ चुके है। फिल्म का निर्देशन राजीव बब्बर ने किया था, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती, जैकी श्रॉफ, रम्या कृष्णा और शक्ति कपूर मुख्य भूमिका में थे। 12 दिसंबर 1997 को रिलीज हुई 'शपथ'बॉक्स ऑफिस पर सेमी-हिट साबित हुई। इसमें खलनायकों ने शानदार काम किया था।

## ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी

# 1 फिल्म में समाए 72 गाने, 93 साल बाद भी कोई नहीं तोड़ पाया रिकॉर्ड

***नई दिल्ली।*** *इंडियन फिल्मों में गानों का खूब क्रेज रहता है। आज से नहीं, बल्कि दशकों पहले से ऐसा होता आ रहा है। मुगल-ए-आजम को ही ले लीजिए। इसके गीत जब प्यार किया तो डरना क्या को उस जमाने में लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया था। वो दौर, जब चंद लाख में फिल्में बन जाया करती थी। ठीक आज भी करण जौहर से लेकर यश चोपड़ा के बैनर तले बनने वाली फिल्मों को ही देख लीजिए। ये एक एक गानों को एक उत्सव की तरह सेलिब्रेट करते हैं। दुनिया की सबसे खूबसूरत वादियों पर गानों को शूट करते हैं। लाखों-करोड़ों रुपये बहाते हैं और बेस्ट ट्रैक तैयार करते मगर क्या आप जानते हैं उस फिल्म के बारे में जिसमें सबसे ज्यादा गाने थे। अगर आपके जहन में हम आपके हैं कौन, रॉकस्टार, डीडीएलजे, ताल, मोहब्बतें जैसी किसी फिल्म का नाम आ रहा है तो ठहर जाइए. क्योंकि जिस फिल्म के नाम सबसे ज्यादा गाने का रिकॉर्ड है वो आई थी साल 1932 में. जिसमें 72 गाने थे।*

### जहानारा और मास्टर निसार ने लीड रोल किए थे प्ले

इस फिल्म को जेएफ मदन ने बनाया और जहानारा कज्जन और मास्टर निसार ने लीड रोल प्ले किए थे। जहानारा का जन्म मशहूर तवायफ सुग्गन बेगम के घर हुआ। जो बेहतरीन सिंगर थीं और इंद्रसभा फिल्म से छा गई थीं। इस फिल्म का नाम है 'इंद्र सभा'। साल 1932 में आई फिल्म 'इंद्र सभा' में शुरुआत में 72 गाने थे। जबकि कुछ रिपोर्ट्स का दावा है 69 तो कुछ का कहना है 71 गाने। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने 'इंद्र सभा' फिल्म का नाम सबसे ज्यादा गाने वाली फिल्म के रूप में दर्ज किया। ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी।




### पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था 'इंद्र सभा'

इंद्र सभा प्ले की बात करें तो ये एक उर्दू प्ले था। जो पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था। इसे पहला कंप्लीट उर्दू मंच नाटक माना जाता है। जिसे जर्मन में भी ट्रांसलेट किया गया था। अगर बीते कुछ सालों की फिल्मों के गानों की बात करें तो सूरज बड़जात्या की म्यूजिकल फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में 14 गाने तो सुभाष घई की 'ताल' में 12 गाने थे। वहीं, आज के जमाने की रॉकस्टार में 14 गाने थे। इस हिसाब से आज तक कोई इस फिल्म का 93 साल बाद भी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया है।

### मणिलाल ने किया था डायरेक्ट

'इंद्र सभा' को मणिलाल जोशी ने डायरेक्ट किया था। उस जमाने की ये एक विशाल फिल्म थी जिसकी समय अवधि 211 मिनट थी। फिल्म की लंबाई की वजह थी इसके अंदर के गान। ये फिल्म आगा हसन अमानत के नाटक पर आधारित थी, जिसमें केरेक्टर का इंट्रोडक्शन भी म्यूजिकल अंदाज में दिया गया था। जैसे पहले नाटक में हुआ करता था। द कैम्ब्रिज गाइड टू एशियन थिएटर में, जेम्स आर ब्रैंडन ने कहा गया कि प्ले में 31 गजल, 9 ठुमरी, 4 होली, 15 गाने, दो चौबोले और पांच छंद शामिल थे। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी बताया गया है कि फिल्म में हर केरेक्टर के लिए 1 स्पेशल गाना था।

**खबर संक्षेप**

### 10-12 वीं पास छात्रों के सपनों को से मिलेगी उड़ान

**रायगढ़।** जिले के जरूरतमंद और मेधावी विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के सपनों को साकार करने के लिए अब राज्य शासन द्वारा विशेष रूप से छात्रवृत्ति का प्रावधान किया है। रायगढ जिले में राज्य शासन के निर्देश पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने विशेष छात्रवृत्ति योजना शुरू की है। इस योजना के माध्यम से ऐसे विद्यार्थीए जिन्होंने कक्षा 10वीं या 12वीं की परीक्षा किसी शासकीय विद्यालय से नियमित छात्र के रूप में उत्तीर्ण की है उन्हें स्नातक या डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने पर वार्षिक 30 हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। यह राशि विद्यार्थियों की ट्यूशन फीस और शिक्षा से जुड़े अन्य खर्चों के लिए उपयोग की जा सकेगी।

### राजगांगपुर की सृष्टि बनी सीए



**राजगांगपुर।** राजगांगपुर की सृष्टि पारीख ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की परीक्षा में सफलता हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे शहर का नाम रोशन किया है। ओसीएल मार्केट निवासी सृष्टि ने कठिन परिस्थितियों में भी हिम्मत नहीं हारी और आज 22 वर्ष की उम्र में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर मिसाल कायम की है। छोटी उम्र में पिता के देहांत के बाद सृष्टि की मां गीता पारीख ने सृष्टि और उसके बड़े भाई आदित्य पारीख का अकेले पालन-पोषण किया। आज दोनों ही भाई-बहन चार्टर्ड अकाउंटेंट बन चुके हैं।

### आज से निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में 4 नवम्बर से निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण प्रारंभ हो रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा ने बताया कि जिले के सभी तहसील मुख्यालयों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। इन हेल्प डेस्कों के माध्यम से मतदाता न केवल विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, बल्कि वर्ष 2003 में किए गए पुनरीक्षण में सम्मिलित मतदाताओं के उनके विधानसभा क्षेत्र की जानकारी भी हासिल कर सकेंगे। प्रत्येक हेल्प डेस्क में एक जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर तथा एक आईटी कर्मचारी को नियुक्त किया गया है ताकि मतदाताओं को तकनीकी व प्रक्रिया संबंधी किसी भी समस्या में तत्काल सहायता मिल सके। विशेष पुनरीक्षण अभियान की तैयारी के तहत 1 नवम्बर को सभी नियुक्त कर्मचारियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण नोडल अधिकारी जेएल जांगड़े के मार्गदर्शन में राजेश डेनियल एवं विकास रंजन सिन्हा द्वारा संपन्न कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के समस्त मतदाताओं से अपील की है कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान यदि किसी मतदाता को नाम जुड़वाने, संशोधन कराने या किसी अन्य जानकारी की आवश्यकता हो तो वे कलेक्टर परिसर स्थित जिला स्तरीय हेल्प डेस्क या अपने संबंधित तहसील कार्यालय में हेल्प डेस्क से स्थापित किया गया है।

## शिक्षा, स्वास्थ्य सहित बुनियादी सुविधाओं में लगातार हो रहे विकास

# राज्य निर्माण के बाद छग ने शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग अधोसंरचना के क्षेत्र में की अभूतपूर्व प्रगतिः वित्त मंत्री








हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष पर जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त ने कहा कि यह हमारे प्रदेश के लिए गर्व और आत्मगौरव का क्षण है कि छत्तीसगढ़ ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इस राज्य की स्थापना का श्रेय श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदृष्टि और संकल्प को जाता है जिनके प्रयासों से छत्तीसगढ़ एक समृद्ध और प्रगतिशील राज्य के रूप में उभर सका है। यह रजत जयंती वर्ष प्रदेश की विकास यात्रा का प्रतीक है। वित्त मंत्री ने प्रदेशवासियों से विजन 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है तब छत्तीसगढ़ भी उसी संकल्प के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान सात घंटे प्रदेश में व्यतीत कर अनेक विकास कार्यों की सौगात दी, जो हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण से पहले छत्तीसगढ़ की स्थिति चुनौतीपूर्ण थी, हमारे लौह अयस्क और वन संपदा का लाभ हमें नहीं मिल पाता था। आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ ने शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और अधोसंरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बताया कि जब छत्तीसगढ़ का गठन हुआ तब प्रदेश में एकमात्र शासकीय मेडिकल कॉलेज था, आज यह संख्या बढ़कर 14 हो चुकी है और जल्द ही 20 से अधिक होने जा रही है। एमबीबीएस सीटें 100 से बढ़कर 2000 तक पहुंचने वाली हैं। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि आज प्रदेश में आईआईटी आईआईएम, एनआईटी, आईआईआईटी जैसे राष्ट्रीय स्तर के अनेक संस्थान संचालित हैं, जो छत्तीसगढ़ की शैक्षणिक प्रगति के प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में रायगढ़ जिला लगातार विकास की और अग्रसर है। रायगढ़ में उद्योग के साथ साथ शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रगति हो रही है। नालंदा परिसर का निर्माण लगभग 40 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। संस्कृत महाविद्यालय, नर्सिंग कॉलेज, उद्यानिकी महाविद्यालय और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं। वित्त मंत्री ने बताया कि रायगढ़ में ऑक्सीजोन पार्क, एथलेटिक ट्रैक, स्विमिंग पूल, क्रिकेट व फुटबॉल ग्राउंड सहित नया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण एवं नगरीय विकास के कार्य भी तीव्र गति से प्रगति पर हैं।

**खास बातें**

- वित्त मंत्री ने किया जिला स्तरीय राज्योत्सव का विधिवत शुभारंभ

### 830 हितग्राहियों को मिला निर्माण की स्वीकृति पत्र



प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने राज्य के 25वें स्थापना दिवस पर आयोजित राज्योत्सव एवं रजत जयंती महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर रायगढ़ में स्वच्छ संकल्प अभियान 2025 के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए 830 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए।

### स्टॉलों का किया अवलोकन

राज्योत्सव समारोह में वित्त मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित लगाई गई प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि राज्योत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास, संवाद और विकास का उत्सव है। राज्योत्सव समारोह के दौरान उन्होंने हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया।

### बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

राज्योत्सव समारोह के प्रथम दिन आज शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में स्कूली बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। जिसमें श्रीमती सोमादास एवं ग्रुप द्वारा गणेश वंदना, डॉ.दीपिका सरकार एवं ग्रुप द्वारा शिव स्त्रोत नृत्य, कुमारी मानवी अग्रवाल द्वारा कथक, कार्मेल कन्या स्कूल के विद्यार्थियों ने मराठी लोकनृत्य सहित अन्य स्कूली बच्चों ने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

## सांसद खेल महोत्सव का आयोजन



**कुड़ेकेला।** जिले में युवाओं की प्रतिभा को बढ़ावा देने और उनके हौसला अफजाई के लिए राज्य सरकार के द्वारा सांसद खेल महोत्सव का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुड़ेकेला के मैदान में किया गया। खेल महोत्सव में पंजीयन की प्रक्रिया ऑनलाइन किया गया था। जिसके लिए 15 से 20 एवं 21 से 35 आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों का पंजीयन हुआ।

खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन युवा फिट फॉर भारत विकसित के लक्ष्यों को हासिल करने युवाओं में खेल भावना और शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देना है। महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रजनी राठिया विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत सदस्य, रोहिणी पटेल, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय गुप्ता, ग्राम पंचायत कुड़ेकेला सरपंच गिजे बाई संत राम राठिया, तरेकेला सरपंच श्रीमती मनकुंवर राजकुमार राठिया, चूहकी मार सरपंच रामपाल, बनहर सरपंच हलधर सिदार, बंगरसूता सरपंच श्रीमती सावित्री राजेश राठिया समेत गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधियों ने भारत माता के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर शुभारंभ किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सबका मन मोह लिया। मुख्य अतिथि के उद्बोधन में युवाओं को खेल के प्रति जागरूकता जरूरत एवं शारीरिक मानसिक विकास के बारे में रोचक अंदाज में प्रेरणा तथ्य रखे।100 मीटर दौड़ के साथ फीता काट कर खेलो का उद्घाटन किया गया। प्रथम दिवस महिला वर्ग के सभी एकल एवं सामूहिक खेलो के साथ खेल विश्राम दिया गया ।द्वितीय दिवस में पुरुष वर्ग के खेलो का प्रदर्शन सबका दिल जीत लिया। खेल महोत्सव का समापन सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरण कर मंडल अध्यक्ष डोलनारायण पटेल के उद्बोधन के साथ हुआ। मंडल अध्यक्ष ने सभी युवाओं को खेल के प्रति समर्पण एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को बनाए रखने के लिए प्रेरणास्पद बातें साझा की।

### डाकघरों में विशेष बीमा शिविर 19 को

**रायगढ़।** नागरिकों की आर्थिक सुरक्षा और बचत को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारतीय डाक विभाग द्वारा आगामी 19 नवम्बर को रायगढ़ संभाग के सभी डाकघरों में विशेष बीमा शिविर आयोजित किए जाएंगे। डाक विभाग, जो दशकों से जनता के विश्वास, सेवा और समर्पण का प्रतीक रहा है, अब केवल पत्र और पार्सल सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के नागरिकों की बचत, निवेश और जीवन सुरक्षा का विश्वसनीय साथी बन चुका है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए डाक विभाग अपने ग्राहकों के लिए डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाएँ संचालित कर रहा है, जो पूर्णतः सरकारी संरक्षण वाली, सुरक्षित एवं लाभदायक बीमा योजनाएँ हैं।

## चन्द्रपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया खाटूश्याम का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

देवउठनी एकादशी पर 1 नवंबर को खाटू वाले बाबा श्याम का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। यह जन्मोत्सव कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष को एकादशी तिथि को मनाया जाता है। इस अवसर पर चंद्रपुर के श्याम मंदिर में बाबा को विशेष श्रृंगार किया गया एवं बाबा श्याम की मंदिर में विशेष पूजा अर्चना का आयोजन भी किया गया। सुबह श्याम प्रेमियों ने स्वच्छ वस्त्र धारण करके बाबा को अर्ज़ी लगाते हुए निशान समर्पित किया एवं निसान रैली निकाली गई। साथ ही मंदिर पहुंचकर बाबा के सामने माथा टेका और आशीर्वाद लिया।



**दिल्ली, कोलकाता से मंगाए जाते हैं श्रृंगार का फूल**

बाबा के श्रृंगार एवं मंदिर सजाने के लिए दिल्ली एवं कोलकाता से विशेष फूल आर्किड जैसे मंगवाए जाते हैं। इन फूलों से वृंदावन के निधिवन जैसी मक्खन एवं अलौकिक सजावट की जाती है।

### बाबा को लगाए 56 भोग

भक्तों ने बाबा श्याम को चूरमा खीर पूरी मक्खन मिश्री सहित 56 भोग लगाया गया। शाम को कोलकाता के प्रख्यात गायक मयूर रस्तोगी अपने मीठे भजनों के साथ बाबा को रिझाया। भक्तों ने इसका आनंद लिया। भजन की इस घड़ी में चंद्रपुर के प्रसिद्ध कलाकार अनिल अग्रवाल मन्ना ने भी अपनी कलात्मक प्रस्तुति दी। साथ ही पायल अतुल केजरीवाल ने अपने बिटिया के जन्मों पर आशीष प्राप्त किया । पूजा के समापन पर गीत कपूर और धूप इत्र के साथ बाबा श्याम की आरती की गई बाबा श्याम के मंदिर में अभी तक की सबसे अधिक भीड़ देव उठनी एकादशी को देखी गई।

## आकृति का स्कूल नेशनल अंडर 19 क्रिकेट में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा



नेशनल स्कूल गेम क्रिकेट अंडर 19 के लिए जिले से आकृति शर्मा का चयन हुआ है। आकृति का छत्तीसगढ़ टीम के लिए चयन होने पर खुशी का वातावरण निर्मित हो गया है।

भारतीय लड़कियों ने विश्व विजय कर सभी को गौरवान्वित किया है। उसी तरह आकृति का चयन भी गौरव प्रदान करता है, आकृति प्रारंभ से क्रिकेट अच्छा खेलती रही हैं, सीएससी एस अंडर 15 के राज्य स्तरीय कैंप में भी चयनित हुई थी। खेल नगरी घरघोड़ा केपीएम विद्यालय में अध्ययनरत आकृति के चयन से स्कूल में भी खुशी छाई हुई है। ओपी जिंदल क्रिकेट एकेडमी घरघोड़ा में नियमित अभ्यास करती हैं उनके कोच कमलेश शर्मा, प्रवीण लोहा विनोद एक्का सभी ने खुशी जाहिर किया। जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने बधाई दी एवं और मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## औघड़ की मड़ई जिगना के नेत्र शिविर में 107 मरीजों की जांच



**रायगढ़।** अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा की शाखा औघड़ की मड़ई जिगना में आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर में 107 मरीजों को जांच का लाभ मिला। गुरुवार को आयोजित इस शिविर में मरीजों का नेत्र जाँच डॉक्टर संदीप शर्मा द्वारा की गई। शिविर में 99 मरीजों को निशुल्क चश्मा वितरण किया गया। वही 47 मरीजों को नेत्र सम्बन्धित ड्राप दिया गया।

जांच के दौरान 03 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण मिले। इन मरीजों में 29 मरीजों के चश्मा का नंबर प्रधान कार्यालय अघोर गुरू पीठ ब्रह्मनिष्ठालय बनोरा बनने के लिए भेज गया जिनका वितरण 10 सितंबर को आयोजित आगामी नेत्र शिविर में किया जाएगा। विदित ही की अघोरेश्वर भगवान राम नेत्र चिकित्सा केन्द्र औघड़ की मड़ई जिगना में प्रत्येक माह के 10, 20 और 30 तारीख को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन होता है। जिसमें आस पास के ग्रामीणों को नेत्र जांच का लाभ मिलता है। ग्रामीण क्षेत्रों के निवास रत साधन विहीन जनता के लिए ये निःशुल्क नेत्र शिविर वरदान साबित हो रहे है। पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम के निर्देशन में सभी शाखाओं में मानव सेवी गतिविधियां संचालित है जिनका लाभ आम जनता को मिलता है। शिविरो में जरिए चिकित्सीय सहायता मिलती है इसके अलावा उनके आध्यात्मिक प्रवचन भी समाज में दशा दिशा हेतु पथ प्रदर्शक साबित हो रहे है।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर विद्यार्थियों का किया गया सम्मान



**राउरकेला।** राउरकेला इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के उपलक्ष्य में सेक्टर 20 स्थित एसएसआरवीएम इस्पात अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाए एवं सीएसआर थे।

इस अवसर पर महाप्रबंधक सतर्कता एवं एसीवीओ विद्यालय निदेशक कैप्टन, उप महाप्रबंधक सतर्कता, सहायक महाप्रबंधक शिक्षा डॉ. सुश्रीता दाश सहित विद्यालय के शिक्षकगण व सतर्कता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। रंजन भारती ने विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई और ईमानदारी व नैतिक मूल्यों के पालन का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने सतर्कता विषय पर आधारित एक प्रेरक नाटक भी प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित जनों ने खूब सराहा।

### अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश

## 15 दिन के भीतर होगी भू-अर्जन की रिकॉर्ड दुरुस्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर ने बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के धरातलीय क्रियान्वयन में तेजी लाने और लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी विभागों को लंबित प्रकरणों का निराकरण यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन के निराकरण के संबंध में सूचना किसी न किसी माध्यम से दी जानी चाहिए ताकि जनता का प्रशासन पर विश्वास बना रहे।



**धान खरीदी, स्वामित्व योजना और अन्य प्रमुख योजनाओं की समीक्षा**

कलेक्टर ने धान खरीदी की तैयारी, किसानों के पंजीयन तथा भौतिक सत्यापन की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी पात्र किसान को धान बेचने में कोई असुविधा न हो। इसके साथ ही उन्होंने स्वामित्व योजना, मसहाती एवं आरक्षित ग्रामों के राजस्व सर्वेक्षण, आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली कनेक्शन, जल जीवन मिशन, पेंशन प्रकरणों और सांसद खेल महोत्सव की प्रगति की समीक्षा की।

**समय सीमा के प्रकरणों के निराकरण का निर्देश**

बैठक में कलेक्टर ने लंबित समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जर्जर स्कूल भवनों के मूल्यांकन और आवश्यकतानुसार मरम्मत अथवा नए भवन निर्माण के प्रस्ताव शीघ्र स्वीकृत कराने को कहा। उन्होंने नए निर्माण कार्यों की स्वीकृति, भू अर्जन और अन्य प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण करने और अप्रारंभ कार्यों को तुरंत शुरू करने तथा प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

